Statement

Sl. No.	Date of Telecast	Person/Causes
1.	14-11-1991	Donation of a bus to Swamy Sivananda Ashram.
2.	09-12-1991	A policeman who displayed bravery in nabbing a Van carrying illicit arrack.
3.	10-12-1991	Three policemen who won the Police Investigation Competition.
4.	18-12-1991	Music college to be started in Madras.
5.	23-01-1992	Family of three persons killed in firing.
6.	13-05-1992	Financial assistance, sewing machines, cycles Iron Boxes and tricycle for the handicapped.
7.	20-06-1992	Financial assistance, cycles, Iron Boxes etc. to 109 persons.
8.	06-07-1992	To a poor lady.
9.	11-07-1992	Financial assistance to 48 persons and Dhoties and Sarees, to 63 persons.
10.	19-08-1992	Financial assistance an equipments to 92 persons.

प्रैस आयोग का गठन

2347. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार एक नये प्रैस आयोग के गठन पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक गठित किये जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

निकृष्ट श्रेणी की फिल्मों का निर्माण

2348. **श्रीमती सरला माहेश्वरी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में निर्मित अधिकांश फिल्में कला की दृष्टि से कमजोर और समाज के लिए अहितकारी होती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कुछ उपाय करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) तथापि, सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए सभी फिल्मों की केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा चलचित्र अधिनियम, 1952 के उपबंधों तथा इसके अंतर्गत जारी किए गए मार्गनिर्देशों के अनुसरण में जांच की जाती है । इन मार्गनिर्देशों, जिन्हें 6-12-91 को संशोधित किया गया था, के अनुसार फिल्म प्रमाणन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि :—

(1) फिल्म माध्यम समाज के मूल्यों और मानकों के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील बना रहे;

(2) कलात्मक अभिव्यक्ति और सर्जनात्मक स्वतंत्रता पर असम्यक रूप से रोक न लगाई जाए;

(3) प्रमाणन व्यवस्था सामाजिक परिवर्तन के प्रति उत्तरदायी हो;

(4) फिल्म माध्यम स्वच्छ और स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करे, और

(5) यथा संभव फिल्म सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण और चलचित्र की दृष्टि से अच्छे स्तर की हो ।